मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 अंक -04 मुंबई, सोमवार, दिनांक 16 से 22 अक्टूबर 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

# मुंबई में पुलिसकर्मियों की संविदा भर्ती पर महाराष्ट्र सरकार पर भड़की एनसीपी,

## एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने जताया विरोध

**महाराष्ट्र :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मुंबई में कुछ पुलिसिंग कर्तव्यों के लिए राज्य संचालित सुरक्षा निगम से कर्मियों को नियुक्त करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का गुरुवार को विरोध किया.

शिवसेना-भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम से 3,000 कर्मियों को नियुक्त करने का आदेश जारी किया है. वे मुंबई पुलिस के अधीन काम करेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री पवार ने कहा, इस तरह की संविदा नियुक्ति से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की अनुमति नहीं मिलेगी और महिला उम्मीदवार भी वंचित हो सकती हैं. हम इसका कड़ा विरोध करते हैं. एक बार जब आप किसी को कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी पर रखते हैं तो उसकी नौकरी एक निश्चित अवधि के लिए होती है, चाहे वह एक साल, डेढ़ साल या दो साल हो. एक बार जब वह अवधि समाप्त हो जाती है, तो व्यक्ति को छोड़ना होगा. उन्होंने कहा, यह




मान लेना कि अनुबंध पर पुलिस विभाग में नियुक्त व्यक्ति लगन से काम करेगा, नासमझी होगी. इंडिया गठबंधन पर एक सवाल के जवाब में, पवार ने कहा कि जिन नीतिगत निर्णयों पर गठबंधन के सदस्य सहमत हैं, उन्हें उन राज्यों में लागू किया जा सकता है जहां वे सत्ता में हैं. हमारे पास (केंद्र में) सत्ता नहीं है, हम कुछ राज्यों में सत्ता में हैं. उन्होंने कहा, हम कुछ राज्यों में (नीतिगत फैसले लेना) शुरू कर सकते हैं. महाराष्ट्र सरकार ने अपने स्वयं के सुरक्षा निगम से 3,000 कर्मियों को नियुक्त करने का आदेश जारी किया है जो मुंबई पुलिस के अधीन काम करेंगे. सरकारी उपक्रम महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम (एमएसएससी) से लिए गए ये कर्मी अनुबंध के तहत काम करेंगे और मुंबई पुलिस की सहायता करेंगे. एक विशिष्ट अवधि के लिए चुनिंदा कर्तव्यों में. राज्य के गृह विभाग द्वारा बुधवार को प्रकाशित एक सरकारी संकल्प (आदेश) में कहा गया है कि प्रशासन ने इन 3,000 कर्मियों की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निगम को 30 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है. चूंकि उनकी भर्ती की प्रक्रिया अभी भी जारी थी, गृह विभाग ने थोड़े समय के लिए शहर पुलिस बल के लिए एमएसएससी से सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है.

**कदम कदम पर**

**कैलेण्डर 2024**



**विज्ञापन दर**

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397

# वाराणसी जिला मंत्री फौजदार शर्मा का उत्तर भारतीयों ने किया सत्कार

**मुंबई ,** महानगर मुंबई आगमन पर देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी जिला मंत्री



बृजभूषण उर्फ फौजदार शर्मा का उत्तर भारतीयों ने खूब सम्मान किया वहीं सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए समाजसेवियों ने भी सम्मानित किया।इसी कड़ी में व्यापार से जुड़े कलेक्टर शर्मा के मुकेश इंजीनियरिंग वर्क्स कार्यालय गोरेगांव (पूर्व) मुंबई में स्वयं कलेक्टर शर्मा सहित कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप,समाजसेवी अनिल कुमार शर्मा (प्रबंध संपादक कदम कदम पर), हरिशंकर शर्मा (सह संपादक कदम कदम पर), वरिष्ठ समाजसेवी हरिकेश शर्मा नंदवंशी,प्रदीप कुमार शर्मा नंदवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी गुलाब शर्मा,गीतकार रविन्द्र कुमार शर्मा दीप, संजय शर्मा,मंगेश शर्मा पूर्व प्रधान एवं सतीश शर्मा ने वाराणसी जिला मंत्री बृजभूषण उर्फ फौजदार शर्मा का पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र से सम्मान किया। उपस्थित सभी ने जिलामंत्री से पूछा कि समाज में हो रहे अत्याचार पर आपकी सरकार चुप क्यों रहती है तो जवाब में उन्होंने कहा सरकार का कोई भी पदाधिकारी चुप नहीं रहता अपितु वह दोषियों को सजा दिलाने का भरपूर प्रयास करती है।

भाजपा पदाधिकारी सिर्फ वह आपके साथ आक्रोश व्यक्त करने रैली में नहीं आती क्योंकि आपके साथ आक्रोश दिखाए तो किसे स्वयं को ऐसा नहीं होता।उन्होंने कहा हम समाज,देश,समुदाय के साथ हर पल खड़े मिलेंगे सिर्फ आवाज दीजिए। उपस्थित सभी महानुभावों ने जिला मंत्री का भव्य सत्कार भी किया और अंत में अमूल्य समय प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।



# प.अशोक मिश्रा चकमलाई जी का मुंबई आगमन पर अनिल शर्मा ने किया सत्कार

**मुंबई,** प.अशोक मिश्रा चकमलाई जी 10 दिवसीय मुंबई के दौरे पर आये है जिनका कई जगहों पर मिलना सुनिश्चित है !

अनिल शर्मा अध्यक्ष उत्तर भारतीय मोर्चा भारतीय जनता पार्टी को मालूम पड़ा तो प .अशोक मिश्रा से की मुलाकात सामाजिक ,राजनितिक विषयो पर ,ग्राम सभा चकमलाई के दिशा और दसा पर किया चर्चा अशोक मिश्रा जी ने बताया की अपने छेत्र के विकाश और भाई चारा मजबूत बनाना ही हमारा प्रमुख लक्ष है !अनिल शर्मा ने अंग वस्त्र ,देकर व पुष्प गुच्छ, भोजपुरी रुमाल पहनाकर की स्वागत !

# एम. डब्ल्यू. ओ. की रायबरेली जिला इकाई का हुआ गठन

## दीप कुमार सविता अध्यक्ष, प्रदुम उपाध्यक्ष, कृपाशंकर महासचिव व जितेंद्र कुमार बने कोषाध्यक्ष

**कदम कदम पर संवाददाता**

**रायबरेली ।** नंद, नाई, सेन, सविता, समाज के साथ साथ अति पिछड़े समाज का लोकप्रिय-जुझारू संगठन महापद्मानंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन( एम.डब्ल्यू.ओ.) की रायबरेली जनपद इकाई का गठन रविवार को किया गया। पूर्व सूचना के आधार पर रायबरेली शहर के मलिक मऊ क्षेत्र में सतीश कुमार वर्मा के आवास पर नाई समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, महासचिव शिवदयाल शर्मा, सचिव उदय राज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से संदीप कुमार सविता को जिला अध्यक्ष, प्रदुम को जिला उपाध्यक्ष, कृपाशंकर को जिला महासचिव, जितेन्द्र कुमार को जिला कोषाध्यक्ष, बृज कुमार सविता को जिला कार्यकारिणी सदस्य, सतीश कुमार वर्मा को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि समाज को सशक्त और सुदृढ़ बनाने तथा अन्याय-अत्याचार, शोषण दमन उत्पीडन से लड़ने के लिए



संगठन रूपी हथियार आवश्यक है। जिस समाज का संगठन नहीं, उसका उत्पीडन सबसे ज्यादा होता है। अतः हमें अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेते हुए मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लेना होगा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों के खिलाफ भी लड़ना होगा। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए भी प्रेरित करते हुए रक्तदान के फायदे गिनाए। महासचिव शिवदयाल शर्मा ने लोगों को संबोधित हुए करते हुए कहा कि जनपद रायबरेली के सभी तहसीलों व ब्लॉकों में संगठन को मजबूत करते हुए कमेटियों का गठन शीघ्रातिशीघ्र किया जाय ताकि समाज में पिछले पंक्ति के लोगों को जागरूक व उनके हक अधिकार की लड़ाई को मजबूत किया जा सके। उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति इंजीनियर शिव प्रकाश सविता व संचालन उदय राज शर्मा ने किया।

बैठक में अमेठी के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, सचिव दिनेश कुमार शर्मा, संगठन मंत्री शिव कुमार शर्मा के साथ-साथ ऋषि वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष तिलोई के साथ साथ रायबरेली से सुरेम लाल, निरंजन प्रसाद शर्मा (प्रबन्धक जी), वीरेंद्र सविता, पीयूष सविता, गौरव शर्मा शिक्षक, डॉ राजेश कुमार वर्मा, गोवर्धन प्रसाद वर्मा (पप्पू प्रधान जी)आदि लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## रिश्तों में आई दरार के बीच

कनाडा के साथ रिश्तों में आई दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सचाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जाएगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है।

लेकिन इसके आगे की सचाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटाई है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिए गए थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिए गए हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को 'किल इंडिया' कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते।

# युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा फुल बाडी चेक अप कैंप संपन्न

**मुंबई-** युवाब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा सस्ते दाम में फुल बाडी चेक अप (रक्त जांच) कैंप का आयोजन डॉ.सचिन सिंह द्वारा कपिल क्लीनिक, केशव पाड़ा, पी.के. रोड मुलुंड प.पर किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. बाबुलाल सिंह, बीरेन्द्र पाठक, राजेंद्र श्रीवास्तव, संतोष विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ), ओ.पी.सिंह (वाराणसी), अजीत शेश्वरे (अध्यक्ष डी एम एस प्रतिष्ठान), शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स युनियन), योगेन्द्र श्रीवास्तव, अविनाश पाठक, पत्रकार बिपीन पांचाल, धर्मेंद्र भट्ट, लक्ष्मी शेट्टी, मनोज सिंह उपस्थित रहे। इस कैंप में 88 लोगों की सीबीसी, फास्टिंग ब्लड शुगर, एचबीए1सी, युरिक




एसिड, बन, कैल्शियम, थायरॉइड, लिपिड प्रोफाइल, लीवर प्रोफाइल, क्रियेटिनीन जांच की गई।

इस अवसर पर समाज सेवक बीरेन्द्र पाठक, राजेंद्र श्रीवास्तव, संतोष विश्व कर्मा ने युवा ब्रिगेड एसोसिएशन, डॉ.सचिन सिंह द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रदान किया।

# इंजी. प्रदीप शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिन पर देश के तमाम लोगो ने दी बधाई



सहसो, प्रदीप कुमार शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन जागृति सेवा संस्थान का 15 अक्टुबर को सहसो में उनका जन्म दिन मनाया गया और समाज से व देश के तमाम चाहने वाले प्रदींप को जन्म दिन की दी बधाई साथ में मुंबई से अनिल शर्मा ने फोन करके जन्म दिन की दी बधाई और उज्जवल भभिष्य की दी शुभकामनाएं ! प्रदीप ने सभी के प्रति जताया आभार !

# रामभवन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में 4 नवम्बर को गोरखपुर में नाई समाज का विशाल कार्यक्रम का आयोजन

**गोरखपुर,** साथियों आगामी 4 नवंबर 2023 दिन शनिवार को राष्ट्रीय नाई महासभा उत्तर के तत्वावधान में जननायक कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली स्थान, शारदा प्रसाद रावत महाविद्यालय भीटी रावत सहजनवा जनपद गोरखपुर के प्रांगण में आयोजित होना सुनिश्चित किया गया है इस कार्यक्रम की जानकारी शोसल मिडिया व्टसाप फेसबुक के माध्यम से दिया जा रहा है और उसके साथ साथ नाई समाज के प्रमुख लोग घर घर जा कर निमत्रण दे रहे है इससे अनुमान लगाया जा रहा है की 1लाख से ज्यादा नाई समाज के लोग इस विशाल कार्यक्रम में सहभागी हो रहे है आप सभी साथियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाये इस कार्यक्रम



के मुख्य अथिति मा .श्री अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पूर्व मुख्य मन्त्री उत्तर प्रदेश ,विशिष्ट अतिथि मा श्री आजाद गाँधी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय नाई महासभा पूर्व विधान पार्षद ,मा .रामअचल राजभर विधायक अकबर पुर पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ,रहेंगे इस कार्यक्रम पुरे प्रदेश सहित पुरे देश से नाई समाज से लोग पहुँच रहे है यह जानकारी अनिल शर्मा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ने दी ! और अनिल शर्मा ने भी समाज के लोगो से की अपील की भारी से भारी संख्या में गोरखपुर में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाये !

# आवश्यक सूचना

जनपद प्रयागराज के सभी नन्दवंशीय ( नन्द , नायी , सेन, सविता, शर्मा, ठाकुर ) बन्धुओं को सहर्ष सूचित किया जाता है कि आगामी 29 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 10-00 बजे से छात्र / छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अ0भा0 सरदार पटेल संस्थान, अलोपीबाग ( चुंगी ), प्रयागराज में किया जा रहा है। वर्ष 2023 में हाईस्कूल / इण्टर में 70% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र /छात्रायें अपने अंक-पत्र की छाया प्रति इस संगठन के किसी पदाधिकारी को दिनांक 15 अक्टूबर 2023 तक अवश्य प्राप्त करा दें तथा समारोह में अपने अभिभावकों एवं परिवार सहित समय से अवश्य पहुंच जांच । संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक अपने समाज के लोगों से सम्पर्क कर समारोह की जानकारी देने के साथ ही अंक-पत्र एकत्रित कर मेरे पास समय से जमा करना सुनिश्चित करें ।

आप अपने बच्चों के अंक-पत्र निम्नलिखित व्हाट्सएप नंबर पर भी सीधे भेज सकते हैं - 1- 9415254435 2- 9807762152

आप सभी को सादर जय नन्द ।

आपका साथी ,
शिव शंकर नन्द - जिला अध्यक्ष
ऑल इण्डिया एम सी ई ए, उ प्र,
जनपद -- प्रयागराज ।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# अग्रवाल रत्न से सम्मानित होने वाली सबसे कम उम्र की पहली महिला बनीं पायल लाठ

## दीन दुखियों के लिए बनाया पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन और उसमें समर्पित हो गई पायल लाठ

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में महाराज अग्रसेन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महाराज अग्रसेन को सवामनी भोग लगाया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ को अग्रवाल रत्न से सम्मानित किया गया। बता दें की सबसे कम उम्र में अग्रवाल रत्न पाने वाली पायल समाज की पहली महिला हैं। सम्मान पाने के बाद पायल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि इतने प्रतिष्ठित अग्रवाल समाज में मेरा जन्म हुआ, जहां महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे समाज के लिए आगे आकर काम कर रही हैं । मै इसका श्रेय दादाजी भगवती प्रसाद बजाज को देती हूं जिनको मैंने बचपन



से गरीब बच्चों को शिक्षित करते हुए देखा है। अपने स्वर्गीय पापा विजय कुमार बजाज, भाईयों विकास व विशाल और बहन पूजा कन्दोई को देती हूं जिन्होंने मुझे हमेशा एक बेटी नही बेटे के रूप में बड़ा किया निडर बनाया और हमेशा प्रोत्साहित करते रहे आगे बढ़ाने के लिए। वे मेरी ताकत बनकर मेरे मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे और मुझे प्रोत्साहित करते रहे। हर स्थिति में आगे बढ़ने के लिए हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। समाजसेवा में मेरे पति शब्द प्रकाश लाठ और बच्चे तविश और राजवीर हमेशा मुझे हौसला दिलाते रहते हैं। उन्होने अपने सम्मान के लिए अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष, नवयुवक समिति के अध्यक्ष, महिला समिति की अध्यक्ष उमा छापरिया एवं समस्त कमेटी के मेंबर के प्रति आभार प्रकट किया है। पायल लाठ एक अरसे से बिलासपुर में समाजसेवा में समर्पित हैं। कई गरीब बच्चों को वे स्कूल में एडमिशन दिलाकर उनकी पढ़ाई का सारा खर्च वहन कर रही हैं। जरूरतमन्दों को ई रिक्शा और महिलाओं को सिलाई मशीन देकर आजीविका चलाने में मदद कर रही हैं।

# पितृ तर्पण कार्यक्रम संपन्न





**मुंबई-** समाज सेवक लोलारख नाथ एवम परिवार द्वारा सर्व पितृ अमावस्या के दिन पवई तालाब, विसर्जन घाट पर पितृ तर्पण के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संपन्न किया गया। सुरियावां महुआपुर, भदोही निवासी लोलारख नाथ, बाबुलनाथ पारसनाथ, बिसंभरनाथ और समरनाथ ने कर्मकांडी पुरोहितों गुप्त दान कर पितरों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शिंदे और विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका...

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र स्पीकर की आलोचना की



**मुंबईः** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं के निपटारे में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की आलोचना की। अदालत ने कहा कि यदि अध्यक्ष कार्यवाही में तेजी लाने वाला संशोधित कार्यक्रम प्रस्तुत करने में विफल रहे तो समय सीमा तय की जाएगी। अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले स्पीकर की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए अदालत अगले सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि अगर स्पीकर का कार्यक्रम संतोषजनक नहीं रहा तो उसे दो महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया जायेगा।

18 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने की समय सीमा स्पष्ट करने का निर्देश दिया था। शिवसेना में फूट के बाद स्पीकर के पास कई याचिकाएं हैं जिनमें उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे विधायकों को एक-दूसरे से अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। इन अर्जियों पर फैसले में हो रही देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज हो गया. मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत कार्यवाही को अनिश्चित काल तक नहीं बढ़ाया जा सकता है और अदालत के आदेश का सम्मान किया जाना चाहिए। चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पहले स्पीकर को चेतावनी दी थी।

# दिवाली और दशहरा के लिए सेंट्रल रेलवे स्पेशल ट्रेन का आरक्षण शुरू...

दशहरा, दिवाली, छठ पूजा त्योहारों के कारण यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने नागपुर से मुंबई और पुणे मार्ग पर विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है....



02139 मुंबई (CSMT)-नागपुर सुपरफास्ट द्विसाप्ताहिक विशेष ट्रेन 19 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलेगी. यह ट्रेन उपरोक्त अवधि के दौरान प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को 00.20 बजे मुंबई से रवाना होगी और उसी दिन 15.30 बजे नागपुर पहुंचेगी। 02140 नागपुर-मुंबई ट्रेन 21 अक्टूबर से 21 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को 13.30 बजे नागपुर से रवाना होगी और अगले दिन 4.10 बजे मुंबई पहुंचेगी. यह ट्रेन दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मुर्तिजापुर, बडनेरा, धामनगांव और वर्धा में रुकती है। इस ट्रेन में 16 एसी 3 कोच होंगे. अच्छी खबर, लातूर सहित पुणे से मराठवाड़ा के लिए शुरू की जाएगी स्पेशल ट्रेन, सेंट्रल रेलवे का बड़ा फैसला 02144 नागपुर-पुणे सुपरफास्ट ट्रेन 19 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को नागपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11.25 बजे पुणे पहुंचेगी। 02143 पुणे-नागपुर- ये ट्रेन 20 अक्टूबर से 17 नवंबर तक हर शुक्रवार को पुणे से 16.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6.30 बजे नागपुर पहुंचेगी. इस ट्रेन का स्टॉपेज वर्धा, धामनगांव, बडनेरा, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड और उरली में है। इस ट्रेन में 16 एसी 3 कोच होंगे. भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच के लिए विशेष ट्रेन! मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलेगी सुपरफास्ट ट्रेन, इन ट्रेनों का आरक्षण 14 अक्टूबर 2023 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों के माध्यम से भी www. irctc.co.i»»f इस वेबसाइट पर शुरू करने की जानकारी मध्य रेलवे ने दी है.

# मेट्रो 6 के लिए कांजूर में प्रस्तावित मरम्मत डिपो के लिए भूमि सर्वेक्षण का काम अब एक सलाहकार ठेकेदार को सौंपा जाएगा।

**मुंबईः** मेट्रो 6 के लिए कांजूर में प्रस्तावित मरम्मत डिपो के लिए भूमि सर्वेक्षण का काम अब एक सलाहकार ठेकेदार को सौंपा जाएगा। जबकि नमक आयुक्त ने सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई है, एमएमआरडीए ने फैसला किया है कि डिपो के लिए सलाहकार को काम करना चाहिए। मेट्रो 6, एक एलिवेटेड मेट्रो, जोगेश्वरी में स्वामी समथरगढ़ और विक्रोली के बीच निर्माणाधीन है। इस रूट के लिए ट्रेनों का मरम्मत डिपो कांजुर में 15 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित है। यह इलाका नमक के मैदानों से घिरा हुआ है और इसीलिए केंद्र सरकार के नमक आयुक्त ने उस जमीन पर अपना दावा किया है. ऐसे में राज्य सरकार ने अप्रैल में यह




जमीन मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को मरम्मत डिपो के लिए आवंटित कर दी। इसके बाद 'एमएमआरडीए' ने इस जमीन के सर्वे की तैयारी शुरू कर दी थी. लेकिन उसी समय, नमक आयुक्तालय के तहत भांडुप में नमक अधीक्षक कार्यालय ने भूमि पर दावा करते हुए सर्वेक्षण रोक दिया था। इस पृष्ठभूमि में एमएमआरडीए अब सलाहकारों के माध्यम से यह सर्वेक्षण कराने की तैयारी कर रहा है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 'एमएमआरडीए ने इस डिपो के निर्माण के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए पहले ही टेंडर जारी कर दिया है. इस टेंडर की आखिरी तारीख 16 अक्टूबर है. तदनुसार, प्राप्त निविदाओं के आधार पर सलाहकार का चयन किया जाएगा। उस सलाहकार को अब सर्वेक्षण के लिए नमक आयुक्तालय के साथ समन्वय करना होगा। यह निर्णय लिया गया है कि अन्य कार्यों के साथ-साथ यह कार्य भी उस सलाहकार द्वारा किया जाना चाहिए।'

# भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास ऑटो-डम्पर दुर्घटना में महिला की मौत, एफआईआर दर्ज

**मुंबईः** बुधवार शाम अपने परिवार के साथ खरीदारी करने गई 50 वर्षीय महिला की भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास एक डंपर से टकरा जाने के बाद मौत हो गई। दुर्घटना में पीड़िता ताहिरा शेख को गंभीर चोटें आई थीं। उसके परिवार के दो अन्य सदस्य, जो ऑटो में सवार थे, को चोटें आईं, लेकिन वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में घायल हुए तीनों लोगों को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सायन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इलाज के दौरान शेख की मौत हो गई, जिसके





बाद विक्रोली पुलिस में अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शेख ओल्ड बैरक, मुलुंड (पूर्व) का रहने वाला था।

**डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए**

दुर्घटना के समय ऑटो में सवार ताहिरा शेख के बेटे फिरदौस ने विक्रोली पुलिस को बताया कि जब वे भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास पहुंचे, तो ऑटोरिक्शा से आगे चल रहे एक डंपर ने बिना किसी संकेत के अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे ऑटोरिक्शा टकरा गया। डंपर के साथ. विक्रोली पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाना) और 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

# पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास एक सर्विस रोड के किनारे झाड़ी में महिला का शव, मामला दर्ज

**नवी मुंबईः** पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास एक सर्विस रोड के किनारे एक झाड़ी में 19 वर्षीय महिला का आंशिक रूप से विघटित शव पाए जाने के बाद पनवेल सिटी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। महिला पर चोट के कई निशान थे और उसका चेहरा सूजा हुआ था. मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के पेण के जोगेश्वरी



कडेसपाड़ा गांव की निवासी जयश्री बेबीया पवार के रूप में की गई।


**पुलिस को हत्या की आशंका है**

पुलिस को शव के बारे में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे जानकारी मिली. पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''चेहरा सूजा हुआ था और उसके मुंह के पास कीड़े थे।'' उन्होंने कहा कि शव को पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास पलासपे और शिव शंभो के बीच सर्विस रोड पर फेंक दिया गया था।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पुलिस को संदेह है कि यह घटना उसके शव मिलने से लगभग दो दिन पहले हुई होगी।

**पीड़िता का पोस्टमार्टम विवरण**

मृतक के हाथ पर जयश्री लिखा था और इससे पुलिस को शव की पहचान करने में मदद मिली. उन्होंने हरे रंग की चूड़ियां भी पहनी हुई थीं. ''हम इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। चूंकि वह पेन की निवासी थी, इसलिए हम जांच कर रहे हैं कि क्या वहां किसी लापता व्यक्ति की शिकायत दर्ज की गई थी, ह्अधिकारी ने कहा। इस बीच, पनवेल तालुका पुलिस में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।



# ठाणे जिले में 40 लाख रुपये की बिजली चोरी... 20 लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में करीब 40 लाख रुपये की बिजली चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित बिजली चोरी का पता महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के अधिकारियों ने मई में खोनी गांव में छापेमारी के दौरान लगाया था।

उन्होंने बताया कि एमएसईडीसीएल के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान पाया कि लगभग 20 निवासी नियमित मीटर के बजाय, तारों की मदद से अवैध रूप से बिजली ले रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आकलन के बाद अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपियों ने करीब 40 लाख रुपये मूल्य की लगभग 1.46 लाख यूनिट बिजली की खपत की थी। कल्याण के महात्मा फुले चौक पुलिस थाने के प्रभारी ने बताया कि एमएसईडीसीएल की शिकायत पर बृहस्पतिवार को बिजली अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्यूनिटी एजूकेटिड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक शेखूपुरगढ़ में श्री धूमसिंह प्रधान जी के आवास पर आयोजित

**बिजनौर,** दिनांक .0 अक्टूबर 2023 को ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्यूनिटी एजुकेटिड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक जनपद बिजनौर की तहसील नजीबाबाद के ग्राम शेखूपुरगढ़ में श्री धूमसिंह प्रधान जी के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए ए०आई०एम०सी०ई०ए० के प्रदेश अपर महासचिव रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज को एकजुट होकर राजनीति में अपनी हिस्सेदारी की मांग दमदार तरीके से रखना चाहिए।



बिहार का जातीय जनगणना से पता चलता है कि बिहार एवं उत्तर प्रदेश में समाज की संख्या काफी है। कहा कि संगठन हमेशा से समाज के उत्थान के लिए कार्य करता चला आ रहा है। शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश से संगठन के द्वारा पूरे प्रदेश मे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किये जाते है। संगठन का मानना है कि जागरूक समाज ही देश का नेतृत्व कर सकता है। इस कड़ी में सैन (नाई) समाज आगे बढ रहा है। कहा कि प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक दिनांक 22 अक्टूबर दिन रविवार को रंगमहल मैरिज हॉल, गांधी समाधि रामपुर में होगी, जिसमें भविष्य की रणनीति बनाने समेत तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओ पर चर्चा होगी।

इस अवसर पर प्रदीप कुमार ठाकुर, प्रदेश संगठन सचिव, मुकेश कुमर सैन, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम शेखूपुरगढ़, पंकज कुमार उर्फ बंटी सेन, धूमसिंह प्रधान जी, गंगासैन, रेखा रानी, शौकीला देवी, मुकेश कुमार सिन्हा, शुभम सिन्हा एवं सी०पी० सिंह समेत जिम्मेदार साथी मौजूद रहे।

# मिसाल बनी है चुनार की बाल दुर्गा पूजा कमेटी

**शिवा शर्मा**

**चुनार।** जाति,धर्म, सम्प्रदाय को लेकर समाज में आज जहां लोग आपस में तरह तरह के विवाद पैदा करते रहते हैं ऐसे लोगो को आइना दिखाने का काम बाल दुर्गा पूजा समिति के सदस्य कर रहे। नगर के मोचीटोला मुहल्ले में लगभग दो दशक से अधिक समय से बाल दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है।

कमेटी की विशेषता यह है कि यहां दुर्गा पूजन का आयोजन हिंदू मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोग मिल जुलकर आपसी सौहार्द एवं भक्ति भाव से करते हैं। पंडाल की तैयारी से लेकर प्रतिमा की स्थापना व विसर्जन के दिन तक सभी कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग के साथ ही शारीरिक रूप से भी मेहनत करते हैं। जिसकी चर्चाएं नगर में खास बनी हुई है। कमेटी अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया शुरू में मात्र दस की संख्या में हिंदू मुसलमान युवाओं ने मिलकर छोटे स्वरूप में दुर्गा पूजन का आयोजन शुरू किए जो आज विशाल रूप ले लिया है।

हिंदू के साथ तमाम मुस्लिम युवाओं का सहयोग अब तक मिलता चला आ रहा है।श्री गुप्ता ने बताया कि तीन दिनों तक दुर्गा प्रतिमा को स्थापित करने के लिए पंडाल को तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है।

# संस्था समाज किसी की बपौती नहीं - हंसराज विश्वकर्मा




**मुंबई।** वाराणसी भाजपा जिलाध्यक्ष विधायक हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज की संस्थाओं में जो एक बार अध्यक्ष बनता है वह हटना नहीं चाहता है, अध्यक्ष संस्था को अपनी बपौती समझने लगता है। सामाजिक संस्थाओं को अब इस प्रवृति से बचाने की जरुरत है।

शासकीय दौरे पर मुंबई पहुंचे हंसराज विश्वकर्मा का सांताक्रूज, कालीना स्थित विश्वकर्मा समिति हॉल में विश्वकर्मा समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह में विश्वकर्मा ने कहा कि संस्थाओं में किसी एक या समूह के एकाधिकार से बगावत होती है और सामाजिक कार्य रुक जाता है। उन्हेंने कहा कि डा. बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान बनाया है, उसी संविधान से देश चलता है। देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, अटल बिहारी बाजपेयी आदि सभी ने किया। जब कोई नहीं रहता है तो भी देश चलता है। उन्हेंने कहा कि संस्थाओं में 3 वर्ष, 5 वर्ष चुनाव कराने का नियम है इसका पालन किया जाना चाहिए।

हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। अर्थव्यवस्था के मामले में हम दुनिया में 5 वें नंबर पर हैं। अगर इसी तरह से हमारी विकास गति बढ़ती रही तो आगे चलकर हम अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर हो जाएंगे। उन्हेंने कहा कि भाजपा विकास व राष्ट्रवाद के मुद्दे पर ही चुनाव में उतरेगी और जनसमर्थन हासिल करेगी। विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा जाति जनगणना नहीं बल्कि सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। उन्हेंने कहा कि बनारस में ढांचागत विकास के अगणित कार्य हुए जो अन्य राज्य सरकारों के लिए नजीर हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र विश्वकर्मा, एड. जे पी शर्मा, सुनील राणा, लल्लूराम विश्वकर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई उपाध्यक्ष गंगाराम विश्वकर्मा, चंद्रकेश विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, डॉ. पन्नेलाल विश्वकर्मा, माखनलाल विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, वशिष्ठनारायण विश्वकर्मा, धनंजय विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाजजन उपस्थित रहे।

# श्रीराम के उठाते ही शिवजी का धनुष हुआ खंड खंड ; रामलीला विशेष

**शिवा शर्मा।**

**चुनार।** नगर के प्रसिद्ध रामलीला मंच पर श्री राघवेन्द्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला में शनिवार की रात धनुष यज्ञ एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद लीला का मंचन किया गया। लीला में शिवजी के धनुष को तोडने के लिए विभिन्न देशों के राजा जनकपुरी में आयोजित सीता स्वयंवर में आते हैं। तोडने की बात तो दूर की रही कोई उसे तनिक हिला भी न सका लेकिन श्रीराम के धनुष उठाते ही वह खण्ड खण्ड हो गया। धनुष टूटते ही प्रभु श्रीराम चन्द्र की जय, सियावर राम चन्द्र की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।लीला देखने



के लिए स्थानीय लोगों सहित भारी संख्या में दूर दराज के गांव से लीला प्रेमियों की भीड़ रामलीला मैदान में उमड़ी रही। धनुष यज्ञ की लीला में श्री रामकथा वाचक बैकटेश्वर महराज पप्पू पांडेय (विश्वामित्र) आस्वत पांडेय (राम) अस्मित पांडेय (लक्ष्मण), ओम पांडेय (भरत), अयांस पांडेय (शत्रुध्न) लक्ष्मी शंकर पांडेय (जनक) गोविंद जायसवाल (रावण) रामआसरे दास (बाडासुर) विवेकानंद मिश्र (बंदीजन, परशुराम),व पेटफूलनवा राजा का अभिनय पूर्व कमेटी अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता ने बखूबी किया।

लीला को सकुशल संपन्न कराने में कमेटी अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा,गौरीशंकर दीक्षित, राजू गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, मुन्ना पांडेय, जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता, ब्रम्हानंद कुशवाहा आदि का प्रमुख सहयोग रहा। मंच का संचालन श्याम गुप्ता ने किया।


# मुकुट पूजन के साथ ही 15 दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

**रतन पांडेय, मिर्जापुर।** जनपद के चुनार तहसील क्षेत्र के सीखड़ में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय रामलीला का गुरुवार को मुकुट पूजन के साथ शुभारंभ किया गया।



बताते चले की प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ 175वे वर्ष में प्रवेश करते हुए 15 दिवसीय रामलीला का मुकुट पूजन एवं गणेश वंदना के साथ ही भव्य शुभारंभ किया गया । पुरोहित धैर्य नारायण मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ रामचरितमानस का पूजन एवं रामलीला में पाठ करने वाले पात्रों का तिलक लगाकर पूजन किया इसके साथ ही रामायणियों के द्वारा, गाइए गणपति जगवंदन शंकर सुवन भवानी के नंदन, आदि गणेश वंदना के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया इस दौरान रामलीला समिति के कुलपति राधेश्याम चतुर्वेदी, अध्यक्ष मुकेश पांडेय, सौरभ, महिमा दत्त द्विवेदी, अभय चतुर्वेदी प्रबंधक, योगेश्वर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र पाठक, बचानी मास्टर, उमाकान्त कल्लू पाठक रतन पांडेय, गुड्डू पांडेय, शर्मा पांडेय, मुकेश तिवारी, रत्नेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, हिमांशु तिपाठी, हितेश कुमार पाण्डेय, बब्बल, दिलिप पाठक, मिन्टू तिपाठी, शिवम पांडेय, पंकज शुक्ला, अशोक गुप्ता, अजीत पांडेय दीपू, गणेश, अशुमान नदीश पांडेय, जिलानी मास्टर छुन्ना मिश्रा बल्ला यादव, चतुर्भुज, अंकित दुबे, आशीष मिश्रा, राजन दुबे, टुनटुन त्रिपाठी, सहित बड़ी संख्या में लीला प्रेमी मौजूद रहे।

# ठाणे में 2 लोगों ने किया किशोरियों का पीछा, मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो किशोरियों का पीछा करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना 10 अक्टूबर को कल्याण में एक हाउसिंग सोसाइटी के क्लब हाउस में जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुई थी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान सूफियां खान और विक्की केसरी के रूप में हुई है। उन्हें पार्टी में खाना परोसने के लिए एक कैटरर ने नियुक्त किया था। अधिकारी ने बताया कि 14 वर्षीय दो लड़कियां रात 0करीब साढ़े आठ बजे क्लब हाउस में कैरम खेलने गईं, लेकिन वहां उन्हें जगह नहीं मिली।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

एं देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष